Headline: NSE signs MoU with Mauritius Stock Exchange	
Source: Amar Ujala	**Date:** 04 September 2015

एनएसई-स्टॉक एक्सचेंज ऑफ मॉरीशस में करार

नई दिल्ली (ब्यूरो)। देश के अग्रणी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) ने स्टॉक एक्सचेंज ऑफ मॉरीशस लिमिटेड (एसईएम) के साथ समझौता किया है। इसका उद्देश्य दो संस्थानों के बीच अधिक गहरे एवं महत्वपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देना है।

एनएसई की तरफ से यहां जारी एक बयान के मुताबिक यह सहयोग एसईएम और एनएसई के विकास के लिए पारस्परिक सहयोग विकसित करने और ज्ञान के आदान-प्रदान के लिए मार्गों के विकास को बढ़ावा देगा। एमओयू के तहत सहयोग के क्षेत्र में प्रतिभूति बाजारों में शिक्षा, प्रशिक्षण और ज्ञान का आदान-प्रदान, उत्पाद विकास और सूचकांक निर्माण के साथ-साथ सर्विलांस और जांच के क्षेत्र में क्षमता विकास शामिल होंगे। एनएसई की एमडी-सीईओ चित्रा रामकृष्ण का कहना है कि मॉरीशस भारत का महत्वपूर्ण साझेदार है।